# वर्ष 2013-14 के मुकाबले रोजगार में 29% की वृद्धि

नई दिल्ली | विशेष संवाददाता

केंद्र की रिपोर्ट के मुताबिक देश में वित्त वर्ष 2013-14 के मुकाबले इस साल की पहली तिमाही यानि अप्रैल से जून 2021 के दौरान रोजगार में 29% का इजाफा हुआ है। इस रिपोर्ट का आधार वर्ष 2013-14 को बनाया गया है। ये आंकड़े 9 क्षेत्रों से जुड़े रोजगार के हैं। श्रम मंत्री भूपेंद्र यादव ने इन आंकड़ों को रोजगार की सही तस्वीर बताते हुए बेहतर नीति के लिए मददगार माना है।

श्रममंत्री ने सोमवार को 10 से ज्यादा रोजगार देने वाले गैर-कृषि प्रतिष्ठानों से जुड़ी तिमाही रोजगार सर्वे की रिपोर्ट जारी की है। इसके मुताबिक सर्वे के पहले दौर में चयनित 9 क्षेत्रों में अनुमानित कुल रोजगार 3.8 करोड़ है। इसमें 2013-14 के कुल 2.37 रोजगार की तुलना में इसमें 29 % की बढ़त देखने को मिली है। इन नौ क्षेत्रों में मैन्युफैक्चरिंग, कंस्ट्रक्शन, व्यापार, ट्रांसपोर्ट, स्वास्थ्य, शिक्षा, आवास और रेस्तरां, आईटी व बीपीओ संग वित्तीय सेवाओं से जुड़े कामकाज वाले प्रतिष्ठान शामिल है।